देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 51 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
पश्चिमी देश खुश




# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 25 मई 2022




मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 21.0° | 41242.40 | 2 मोदी से मिलना एक बड़ा सम्मान | 7 वॉर्न को यादकर इमोशनल हुए युजवेंद्र चहल

# अच्छाई की ताकत है क्वाड: पीएम

## क्वाड देशों के नेताओं ने की शिखर बैठक, चीन-रूस को दिया संदेश

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)


टोक्यो। रूस-यूक्रेन जंग और कोविड-19 के बीच भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के राष्ट्रप्रमुखों की टोक्यो में मुलाकात हुई। मंगलवार को टोक्यो में क्वाड लीडर्स समिट की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने हिस्सा लिया। इस दौरान क्वाड लीडर्स समिट की बैठक में रूस-यूक्रेन जंग समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। यहां सभी देशों के राष्ट्रप्रमुखों ने अपनी-अपनी बात रखी।

जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित क्वाड देशों की शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन को सख्त संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि क्वाड अच्छाई की ताकत के लिए बनाया गया संगठन है और यह हिंद प्रशांत क्षेत्र को बेहतर बना रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देशों के बीच आपसी विश्वास लोकतांत्रिक देशों को नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में क्वाड ने दुनिया में अपनी महत्वपूर्ण जगह बना ली है। इससे पहले चीन इस शिखर सम्मेलन पर भड़क गया था और उसने कहा था कि क्वाड का फेल होना तय है।

पीएम मोदी ने कहा कि क्वाड ने विश्व पटल पर एक महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। आज क्वाड का दायरा व्यापक हो गया है। हमारा आपसी विश्वास और प्रतिद्धता लोकतांत्रिक शक्तियों को नई ऊर्जा और उत्साह दे रहा है। क्वाड के स्तर पर हमारे आपसी सहयोग से एक मुक्त, खुला और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र को प्रोत्साहन मिल रहा है जो हमारा साझा उद्देश्य है। कोरोना की विपरीत स्थिति के बाद भी हमने कोरोना वैक्सीन, जलवायु परिवर्तन सप्लाइ चेन और आर्थिक सहयोग जैसे कई क्षेत्रों में समन्वय बढ़ाया है। इससे हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित हुई है। इससे क्वाड की स्थिति अच्छाई के लिए ताकत के रूप में और ज्यादा सुदृढ़ होती जाएगी। हम टेक्नोलाजी के क्षेत्र में अपना द्विपक्षीय सहयोग बढ़ा रहे हैं और वैश्विक मुद्दों पर भी आपसी समन्वय कर रहे हैं।

**रूस खाद्यान के निर्यात को बाधित कर रहा: बाइडन**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि पुतिन संस्कृति को ही खत्म करना चाहते हैं। यह एक यूरोपीय मुद्दे से बढ़कर है। यह वैश्विक मुद्दा है। दुनियाभर में खाद्यान संकट बढ़ सकता है क्योंकि रूस खाद्यान के निर्यात को बाधित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक रूस युद्ध जारी रखेगा अमेरिका अपने दोस्तों के साथ मिलकर काम करता रहेगा। इससे पहले क्वाड देशों की बैठक पर चीनी बुरी तरह से भड़क गया था।



**पीएम मोदी ने अमेरिका-भारत के रिश्तों पर दिया जोर**

पीएम मोदी ने कहा कि रणनीतिक साझेदारी सही मायने में एक विश्वास की साझेदारी है। कई क्षेत्रों में हमारे समान हितों ने इस विश्वास के रिश्ते को मजबूत किया है। हमारे बीच व्यापार और निवेश में भी लगातार विस्तार हो रहा है। हालांकि, यह हमारी ताकत से बहुत कम हैं। पीएम ने आगे कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारे बीच इंडिया-USA इन्वेस्टमेंट इनसेंटिव एग्रीमेंट से निवेशी की दिशा में मजबूत प्रगति देखने को मिलेगी।

### बाइडन की ताइवान पर टिप्पणी से भड़का चीन

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, 'हम अमेरिकी टिप्पणी की निंदा करते हैं और उसे खारिज करते हैं। 'सम्मेलन में बाइडन से सवाल किया गया कि यदि चीन ताइवान पर हमला करता है, तो क्या वह सैन्य हस्तक्षेप करके इसकी रक्षा करने के इच्छुक हैं। इसके जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'हमने यह प्रतिबद्धता जताई है।' बाइडन ने कहा कि ताइवान के खिलाफ बल प्रयोग करने का चीन का कदम 'न केवल अनुचित होगा', बल्कि 'यह पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर देगा और यूक्रेन में की गई कार्रवाई के समान होगा।' बाइडन के इस बयान ने राष्ट्रीय एकीकरण करने के चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना को संकट में डाल दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञानवापी मामले में अब 26 को होगी अगली सुनवाई

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वाराणसी। ज्ञानवापी शृंगार गौरी प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में चल रहे मुकदमे में प्रतिवादी पक्ष चाहता है कि सबसे पहले मुकदमे की पोषणीयता पर सुनवाई हो। ताकि यह मुकदमा सुनने लायक है या नहीं यह पहले तय हो जाए। वहीं वादी पक्ष चाहता है कि अभी तक हुई एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही पर सुनवाई पहले हो।

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों को लेकर चर्चा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारतीय विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने प्रेस कांफ्रेंस कर पीएम मोदी के जापान दौरे को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं के बीच एक सार्थक चर्चा हुई। जो कि एक सहकारी और रचनात्मक एजेंडे पर आधारित थी।

# कर्नल अजय कोठियाल भाजपा में हुए शामिल

## उत्तराखंड सीएम धामी और मदन कौशिक की मौजूदगी में थामा दामन

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री पद के दावेदार रहे कर्नल अजय कोठियाल मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी और वरिष्ठ नेता मदन कौशिक की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने हाल ही में आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया था।




कर्नल अजय कोठियाल और पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष भूपेश उपाध्याय के बाद तीन सौ से अधिक पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा दिया था। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भेजे गए इस्तीफे में पदाधिकारियों ने कहा था कि वर्तमान में जिस तरह से संगठन काम रहा है, उससे लगता है कि उत्तराखंड में आप का कोई भविष्य नहीं है। अपने इस्तीफे को लेकर कर्नल ने कहा था कि त्यागपत्र पूर्व सैनिकों, पूर्व अर्धसैनिकों, बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बुद्धिजीवियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए दिया है। कोठियाल के बाद आम आदमी पार्टी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष भूपेश उपाध्याय ने भी इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि पार्टी उन्हें कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे सकती है।

जून 2013 में केदारनाथ में आई आपदा के बाद धाम के पुनर्निर्माण में कर्नल कोठियाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेवानिवृत्ति के बाद वह युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षण देने में जुट गए। वहीं चुनाव से पहले कर्नल कोठियाल ने आप में शामिल होकर राजनीतिक पारी की शुरुआत की।

# यमुनोत्री हाईवे राना चट्टी के पास फिर हुआ खतरनाक

संवाददाता

उत्तरकाशी। लगातार बारिश से यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के राना चट्टी के पास मंगलवार को फिर से भूधंसाव की स्थिति बन रही है। जिसके कारण फिलहाल पुलिस प्रशासन ने बड़े वाहनों की आवाजाही को रोक दिया है। यहां केवल छोटे वाहन ही संचालित हो रहे हैं।

**भूधंसाव जोन में सुरक्षा का स्थायी रूप से समाधान नहीं हो पाया**

इससे पहले मंगलवार को रानाचट्टी के पास बड़ी बसों के लिए अवरुद्ध यमुनोत्री हाईवे पांच दिन बाद सुचारु हो गया था। मार्ग सुचारु होने से तीर्थ यात्रियों को बड़ी राहत मिली थी। लेकिन भूधंसाव वाले जोन में सुरक्षा का स्थायी रूप से समाधान नहीं हो पाया था।

**18 मई की शाम बारिश होने से हुआ था भूधंसाव:** गौरतलब है कि यमुनोत्री हाईवे पर रानाचट्टी के पास बीती 18 मई की शाम बारिश होने से भूधंसाव हुआ, जिससे मार्ग 25 घंटे तक पूरी तरह से अवरुद्ध रहा था। गुरुवार की रात मार्ग पर आवाजाही शुरू हुई थी। लेकिन शुक्रवार सुबह फिर से हाईवे बाधित हो गया था। इसके बाद बड़े वाहनों का संचालन पूरी तरह से बंद था।

बीती रविवार को भी पांच घंटे तक राजमार्ग पूरी तरह बंद रहा। छोटे वाहनों की आवाजाही भी बंद रही। रविवार शाम को हाईवे खोला गया। रात के समय मार्ग को बड़ी बसों के लिए चौड़ा किया गया। इसके बाद सोमवार सुबह बसों का संचालन हो पाया है।

अलर्ट



■बड़े वाहनों की आवाजाही रोकी


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# पूर्वी भारत में भीषण बारिश होने का अलर्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार रात को हुई तेज बारिश के बाद मंगलवार को मौसम सुहाना बना हुआ है। इसी के चलते दिल्ली-एनसीआर के लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई है। वहीं, फिर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 24 मई को उत्तर पश्चिमी भारत में और अगले 2 दिनों के दौरान पूर्वी

**उत्तराखंड और झारखंड में तूफान के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी**

भारत में भीषण बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर अगले 5 दिनों के दौरान देश के किसी भी हिस्से में लू चलने की संभावना नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों में गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 3 दिनों के दौरान बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल और सिक्किम में और अगले 5 दिनों के दौरान पूर्वोत्तर भारत में गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की उम्मीद है। अगले 5 दिनों के दौरान केरल और माहे में गरज के साथ मध्यम बारिश और बिजली गिरने की संभावना है